# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

*विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834023.*

विज्ञापन संख्या : 12        जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड, राँची / दिनांक: 07 / 04 / 2014

## *व्यावसायिक / आई0टी0आई0 से डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2014*
## *(Vocational/I.T.I. to Diploma Entrance Competitive Examination – 2014)*
## *के आयोजन से संबंधित सूचना*

................................

सरकारी एवं निजी डिप्लोमा अभियंत्रण संस्थानों में सत्र 2013–14 के तृतीय सेमेस्टर (द्वितीय वर्ष) में सीधे प्रवेश हेतु वैसे उपयुक्त अभ्यर्थियों से, जो भारत के नागरिक तथा झारखण्ड के स्थायी निवासी हैं या कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के पत्रांक 5 / विविध–9 / 2001 डोमिसाईल का0 2691 / राँची, दिनांक 29.04.02 के अनुसार स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और निम्न अर्हत्ता धारित करते हैं, विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

2. **शैक्षणिक योग्यता** :– आवेदक निम्नलिखित में से किसी एक विषय के साथ इंटरमीडिएट व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा (Intermediate Vocational Course Examination) उत्तीर्ण* किया हो –

Computer Science, Electronics Technology, Radio TV Technician, Automobile Engg. & Technician, Mining Geology, Electrical Domestic Appliances

**अथवा**

दसवीं कक्षा के साथ–साथ निम्नांकित में से किसी एक व्यवसाय में दो वर्षीय आई0टी0आई0 परीक्षा उत्तीर्ण* ($10^{th}$ + 2 year's ITI) किया हो –

Fitter, Turner, Mechanist, Mech. Motor Vehicle, Mechanist Grinder, Mech. Refrigeration & Air Conditioning, Draftsman Mechanical, Production & Manufacturing, Instrument Mechanic, Electrical, Electrician, Wireman, Electroplater, Surveyor, Draftsman Civil, Mech. General Electronics, Mech. Radio & T.V., Mech. Consumer Electronics, Mechanic Industrial Electronics, Electronics Mech., Mech. Computer Hardware, I.T. & E.S.M.

***(*) – वैसे परीक्षार्थी जो अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुए हों, वे भी अपना आवेदन पत्र समर्पित कर सकते हैं, परन्तु, उन्हें साक्षात्कार के समय तक अनिवार्य रूप से उत्तीर्णता प्राप्त कर लेना आवश्यक होगा, अन्यथा वे नामांकन के योग्य नहीं समझे जायेंगे।***

**नोट :–**

क) शैक्षणिक योग्यता कॉलम में दर्ज व्यवसायों में कोई व्यवसाय यदि दो वर्ष से कम हो तो, ऐसे व्यवसायों में उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस परीक्षा के तहत नामांकन के योग्य नहीं समझे जायेंगे।

ख) ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने वैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम/व्यवसाय में उत्तीर्णता प्राप्त किया है, जिससे संबंधित डिप्लोमा अभियंत्रण शाखा पोलिटेकनिक संस्थानों में सीट उपलब्ध नहीं है, उन अभ्यर्थियों को सीट आबंटित करना संभव नहीं होगा।

3. **आवेदन पत्र की उपलब्धता** – अभ्यर्थी पर्षद के वेबसाईट http://www.jceceboard.org पर Entrance Notice कॉलम में उपलब्ध आवदेन पत्र डाउनलोड कर आवेदन कर सकते हैं। ***आवेदन पत्र के लिए निर्धारित प्रपत्र से भिन्न कोई भी अन्य प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगा।*** **आवेदन पत्र काले स्याही से सुस्पष्ट रूप में भरें।**

4. **फोटोग्राफ** – आवेदन पत्र में निर्धारित जगह एवं दिये गये घेरे के अन्दर ही, हाल का खिंचाया हुआ रंगीन फोटोग्राफ, जिसमें नाम एवं तिथि दर्ज हो, चिपकावें। फोटोग्राफ रंगीन होना चाहिए तथा चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। फोटोग्राफ संपादित (Edited) नहीं होना चाहिए अन्यथा आवेदन रद्द कर दिया जायेगा।

5. **परीक्षा केन्द्र एवं तिथि** – यह परीक्षा राँची जिला मुख्यालय के विभिन्न निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा केन्द्र की सूचना प्रवेश–पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों को अलग से दी जाएगी।

6. **परीक्षा शुल्क** – सामान्य/पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति – II कोटि के अभ्यर्थियों को ₹ 450/– एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कोटि के अभ्यर्थियों को ₹ 275/– परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा, जो Non-refundable होगा।

**परीक्षा शुल्क जमा करने का तरीकाः–**

(क) डिमान्ड ड्राफ्ट (Demand Draft):– वांछित राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट, जो "Controller of Examination" के नाम से तथा Ranchi में भुगतेय हो, **या**

(ख) बैंक चालान (Bank Challan):– चालान (Challan) की प्रति पर्षद के वेबसाईट http://www.jceceboard.org पर Entrance Notice कॉलम में उपलब्ध है। चालान के माध्यम से परीक्षा शुल्क, यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया के किसी भी शाखा में या अन्य किसी बैंक से यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया के खाते में जमा किया जा सकेगा।

डाउनलोड किये गये आवेदन पत्र के साथ वांछित राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट (मूल रूप में) {डिमान्ड ड्राफ्ट के पिछले पृष्ठ पर अपना नाम एवं पता अवश्य दर्ज करें} **या** बैंक चालान की पर्षद प्रति (Board's Copy) संलग्न कर **झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची–834023** के पते पर **दिनांक 28.04.2014 तक** निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। **प्रेषित किये जाने वाले लिफाफे के उपर**

**मोटे अक्षर में "Vocational / I.T.I. to Diploma Entrance Competitive Examination - 2014" अवश्य अंकित करें।**

7. **परीक्षा का स्तर एवं प्रकार** – प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ (Objective) एवं बहुविकल्पीय (Multiple choice) होगा तथा परीक्षा का स्तर 10वीं स्तर के गणित एवं विज्ञान विषयों (प्रत्येक 50–50 अंक) का होगा। सभी विषयों के प्रश्न पत्र द्विभाषी अर्थात् अंग्रेजी एवं हिन्दी में उपलब्ध रहेंगे।

8. **मेधा सूची** – परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की संयुक्त मेधा सूची के साथ–साथ कोटिवार मेधा सूची तैयार की जायेगी तथा सीटों का आवंटन मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर सम्बन्धित शाखा में किया जायेगा। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में सर्वप्रथम गणित में अधिकतम अंक पाने वाले छात्रों को वरीयता क्रम में उपर रखा जायेगा। गणित विषय में समान अंक रहने की स्थिति में पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।

9. **आरक्षण** – राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा। एस0एम0क्यू0 (SMQ) कोटा के तहत नामांकन का कोई प्रावधान नहीं है।

10. **अन्य आवश्यक सूचनाएँ** –

- विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा निर्धारित व्यावसायिक/आई0टी0आई0 पाठ्यक्रमों/व्यवसायों का समानान्तर डिप्लोमा शाखा पर्षद के वेबसाईट http://www.jceceboard.org पर Entrance Notice कॉलम पर देखा जा सकता है।
- साक्षात्कार एवं सीटों की संस्थानवार/कोटिवार विवरणी संबंधी अद्यतन सूचनाओं के लिए पर्षद के वेबसाईट http://www.jceceboard.org के सम्पर्क में रहें।
- प्रेस में मुद्रण अथवा टाइपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होगें।

ह0/–
**मृदुला सिन्हा**, भा0प्र0से0
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक: ........ 162 जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड, राँची/दिनांक: 07/04/2014

प्रतिलिपि:

**विज्ञापन प्रबंधक,** प्रभात खबर/हिन्दुस्तान/हिन्दुस्तान टाइम्स, कोकर इण्डस्ट्रीयल एरिया, कोकर, राँची को दिनांक 08/04/**2014** के दैनिक समाचार पत्रों में डी0ए0भी0पी0 दर पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित। विज्ञापन का प्रकाशन झारखण्ड के सभी संस्करणों में की जाय।

7/4/14
परीक्षा नियंत्रक

5/4/14